उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-91 /05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/04-परीक्षा/2026

लखनऊ : दिनांक : 02 जून, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2026, सहायक बोरिंग तकनीशियन मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/05 के अंतर्गत लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन सहायक बोरिंग तकनीशियन के कुल रिक्त 402 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 05.05.2026 थी।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कुल रिक्त 402 पदों के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 में वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु उपलब्धता की सीमा तक शार्टलिस्ट हो रहे कुल 25979 अभ्यर्थियों के परिणाम को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2026, सहायक बोरिंग तकनीशियन मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प० -2025)/05 के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु उपलब्धता की सीमा तक शार्टलिस्ट हो रहे कुल 25979 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।